आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक 14.04.2024 समय 18.30

- लोकसभा आम चुनाव में प्रचार का घमासान चरम पर–स्टार प्रचारकों ने लगाया ऐड़ी–चोटी का जोर।
- भारतीय जनता पार्टी ने घोषणा पत्र किया जारी–एक राष्ट्र–एक चुनाव, समान नागरिक संहिता और एकल मतदाता सूची का किया गया वादा।
- प्रदेश में दो भीषण सडक हादसों में 10 लोगों की मौत।
- संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आज कृतज्ञ राष्ट्र ने दी भावभीनी श्रृद्धाजंलि।

000

प्रदेश के लोकसभा आम चुनाव के पहले चरण के मतदान में हफ्तेभर से भी कम का समय शेष रहते चुनाव प्रचार में पार्टियों के स्टार प्रचारकों और राष्ट्रीय नेताओं ने पूरी ताकत लगा दी है। भीनमाल में आज कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने जालौर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया। श्रीमती गांधी ने भाजपा पर कई आरोप मंढते हुए देशहित में वोट डालने की अपील की।

------------------------

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा सहित कई नेता मौजूद रहे। दूसरी ओर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज भरतपुर लोकसभा सीट पार्टी प्रत्याशी रामस्वरूप कोली के पक्ष में जनसभाओं को सम्बोधित किया। श्री शर्मा ने भरतपुर के कुम्हेर और सीकरी में अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का विश्व में सम्मान बढा है। उन्होंने भाजपा के विकास कार्यों को गिनाते हुए कांग्रेस पर तुष्टिकरण और जनता को गुमराह करने का आरोप मंढा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज भरतपुर में रोड शो भी किया।

**000**

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए आज अपना घोषणा पत्र जारी किया। इसे संकल्प पत्र नाम दिया गया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जारी किए गए संकल्प पत्र में एक राष्ट्र–एक चुनाव, समान नागरिक संहिता और एकल मतदाता सूची का वादा किया गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में यह संकल्प पत्र जारी किया गया। घोषणा पत्र में भाजपा ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन की सुविधा को अगले 5 वर्ष तक जारी रखने की बात कही है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना में देश के सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने का वादा किया गया है। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संकल्प पत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त बनाता है जो विकसित राष्ट्र के चार मजबूत स्तंभ हैं।

000

लोकसभा आम चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत आज भी राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित हुए। पहले चरण के मतदान में पांच दिन का समय शेष रहते निर्वाचन विभाग, सभी श्रेणी के मतदाताओं को अभियान से जोडने में जुटा है। इस कडी में दौसा में गाडिया लुहार और घुमन्तू परिवारों को मतदान का महत्व बताकर उनसे आवश्यक रूप से वोट डालने के लिए कहा गया। झालावाड में बाईक राइडर क्लब की ओर से मतदान का संदेश देती रैली निकाली गई। जैसलमेर के हमीरा गांव में जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने वयोवृद्ध मतदाता के घर जाकर होम वोटिंग सुविधा का जायजा लिया।

हनुमानगढ की नवां पंचायत में जिला प्रशासन की ओर से पीले चावल बांटकर मतदाताओं को वोट डालने का निमंत्रण दिया गया। करौली में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। सवाईमाधोपुर में दिव्यांग मतदाताओं का स्वागत किया गया और नव मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। स्वीप अभियान के तहत आज जिलों में **आओ बूथ चले** कार्यक्रम रखा गया। चुनावकर्मियों ने घर–घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया। मतदान केन्द्रों पर भी मतदाता पर्ची और मार्गदर्शिका रखी गई और साथ ही समूची मतदान प्रकिया की जानकारी मतदाताओं को दी गई।

000

राज्य में लोकसभा सीटों के चुनावी विश्लेषण में आज आपको लिये चलते हैं झुन्झुनू संसदीय क्षेत्र में। शेखावटी क्षेत्र की ये लोकसभा सीट कई मायनों में खास है। लम्बे समय तक इस सीट पर कांग्रेस का दबदबा रहा है लेकिन पिछले दो चुनावों से भारतीय जनता पार्टी ने यहां अपना जनाधार तैयार कर लिया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। अब हम इस संदेश श्रृंखला में गांव–ढांणी या मौहल्ले में एक साथ 4–5 लोगों यानि समूह में भेजे गये संदेशों को भी शामिल करेंगे। आज का संदेश हमें जयपुर से एक दिव्यांग मतदाता ने भेजा है।

................

सीकर जिले के फतेहपुर में आज एक ट्रक और कार की टक्कर के बाद कार में लगी आग में 7 लोग जिन्दा जल गये। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दमकल की मदद से मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सभी मृतक मेरठ के रहने वाले बताये गये हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

...................

एक अन्य हादसे में भीलवाड़ा के आसीन्द में एक एस.यू.वी. गाडी ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई।

000

राष्ट्र आज संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 133 वीं जयंती पर उन्हें कृतज्ञता से नमन कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद में डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। अम्बेडकर जयंती पर प्रदेशभर में भी विभिन्न संगठनों और संस्थाओं की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित हुए। सरहदी जिले जैसलमेर के मोहनगढ में आईनाथ मन्दिर में कार्यक्रम रखा गया। इसमें बडी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। बाडमेर के चौहटन में वाहन रैली निकाल कर जयघोष किया गया। बांसवाड़ा में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कार्यक्रम रखा गया इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। भीलवाड़ा के अग्रवाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के कार्यों को याद किया। इस मौके पर रक्तदान शिविर भी लगाया गया। हनुमानगढ में अम्बेडकर जयंती पर प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान टिब्बी में अम्बेडकर चौक पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। चूरू स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। केकडी के गुलगांव ग्राम पंचायत में स्थित अम्बेडकर चौक में कार्यक्रम रखा गया। बूंदी के अम्बेडकर चौक में भारतीय जनता पार्टी की ओर से पुष्पाजंलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। झालावाड के झालरापाटन नगर पालिका की ओर से सफाई मित्रों और कचरो बीनने वालों का सम्मान किया गया। राजधानी जयपुर के अम्बेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा देश बाबा साहब की भावना से आगे बढ रहा है ।

000